CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 29 ◘ अंक- 19 ◘ रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## लोकसभा में राहुल के आक्रामक तेवर, कहा- हम किससे तेल खरीदेंगे, यह फैसला अमेरिका करता है



**नई दिल्ली,** 11 फरवरी (न्यूज चैनल)। संसद में लंबे गतिरोध के बाद आज लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जिजित्सु में ग्रिप दिखती है, राजनीति में नहीं दिखती। चोक कहां हो रहा है, जोर कहां पड़ रहा है, राजनीति में नहीं दिखता। इसके बाद उन्होंने बजट, अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी।

उन्होंने आम बजट और वित्त मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए कहा, %मैं आर्थिक सर्वे को देख रहा था। दो बिंदु मुझे दिखे। पहला बिंदु- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है। उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं। दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है।

राहुल गांधी ने कहा कि हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था। लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है। यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं। राहुल ने कई और वैश्विक मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था। तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं। डॉलर को चुनौती दी जा रही है। जैसा कि दूसरी तरफ मेरे दोस्त समझते हैं, मुख्य खेल यह है कि डॉलर को चुनौती दी जा रही है। अमेरिका के दबदबे को चुनौती दी जा रही है। हम एक सुपरपावर वाली दुनिया से किसी नई दुनिया में जा रहे हैं, जिसका हम सच में अंदाजा नहीं लगा सकते।

### देश की 140 करोड़ जनता के सामने चुनौतियां अलग

दूसरी तरफ डॉलर को चुनौती मिल रही है। अमेरिकी सुप्रिमेसी को चुनौती मिल रही है। अब हम दो सुपर पावर या कई सुपर पावर वाले दौर में जा रहे हैं। आर्थिक सर्वे की बात सही है। इन सबके केंद्र में एआई का समय है। सभी कह रहे हैं कि हम एआई के समय में जा रहे हैं। एआई का एक परिणाम यह हो रहा है कि कांग्रेस ने जो आईटी इकोसिस्टम बनाया, वह चुनौती की स्थिति में रहेगा। इसे चुनौती मिलेगी। कई इंजीनियरों को एआई हटा देगा।

**हम डाटा के मामले में ताकतवर हैं-** अपने भाषण में राहुल गांधी ने कहा, तो मैं सदन को कहना चाहता हूं कि सेक्टरों की जो ताकत है , वह हमारे अपने लोग हैं। 1.4 अरब लोग शानदार हैं, ऊर्जावान हैं, बुद्धिमान हैं। वे किसी को भी चुनौती दे सकते हैं। लेकिन यह सिर्फ लोग नहीं हैं। हमारे पास डाटा का भी बड़ा पूल है। सभी लोग एआई के बारे में बात करते हैं, लेकिन एआई के बारे में बात करना किसी इंजन के बारे में बात करना है, इसके पेट्रोल यानी डाटा के बारे में बात करना भी जरूरी है। यानी अगर आपके पास पेट्रोल- डाटा नहीं है, तो एआई भी बेकार है। इस वक्त दुनिया के पास डाटा के दो पूल हैं- भारत का डाटा पूल (1.4 अरब लोगों का) और चीन (वहां भी इतनी ही जनसंख्या है)। यानी हम डाटा के मामले में ताकतवर हैं।

**बजट में आज की चुनौतियों पर बात ही नहीं-** राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमारी दूसरी ताकत हैं हमारे किसान, जो खाना देते हैं। हमारे पास खाना प्रचुर मात्रा में है। तीसरा- हमें देश को चलाने के लिए ऊर्जा की जरूरत है। इन तीनों को बचाना आधुनिक समय की सबसे बड़ी जरूरत है। बजट इन चीजों की पहचान तो करता है। वह कहता है कि हम खतरनाक समय में जा रहे हैं। वह जानता है कि भू-राजनीतिक स्थिति खतरनाक हो रही है। ऊर्जा और वित्त को हथियार बनाया जा रहा है। लेकिन बजट में इसके लिए कोई हल नहीं है। बजट सिर्फ किसी आम बजट की तरह ही है। इसमें इनकी सुरक्षा के लिए कुछ नहीं दिया गया है। बजट में आज की चुनौतियों पर बात ही नहीं है।

## 'वंदे मातरम्' को लेकर बड़ा बदलाव

## अब 6 अंतरा गाना जरूरी, समय भी किया तय

**नई दिल्ली,** 11 फरवरी (न्यूज चैनल)। भारत सरकार ने सरकारी कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम्'को लेकर एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब आधिकारिक उत्सवों पर इस गीत के पूरे छह छंदों वाला संस्करण ही प्रस्तुत किया जाएगा। इस पूरे गायन या वादन के लिए 3 मिनट 10 सेकंड का समय तय किया गया है।

यह नया प्रोटोकॉल तिरंगा फहराते समय और देश के राष्टपति से जुड़े कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से लागू होगा। राष्टपति के आगमन पर, उनके भाषण की शुरुआत और समापन के समय इसी निर्धारित अवधि के साथ गीत बजाया जाएगा। यही नियम राज्यों के राज्यपालों के लिए भी तय किया गया है। उनके सरकारी कार्यक्रमों और संबोधनों के दौरान भी इसी संस्करण का पालन करना होगा। प्रशासन का मानना है कि इस कदम से राष्ट्रीय गीत के मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। अलग-अलग कार्यक्रमों में होने वाली प्रस्तुतियों में एकरूपता लाने के लिए यह समय सीमा और छंदों की संख्या तय की गई है। अब सभी सरकारी आयोजनों में इसी तय मानक के अनुसार वंदे मातरम् की गूंज सुनाई देगी। 'वंदे मातरम्' मूलतः बंगाल के लिए लिखा गया गीत था। इसे बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1875 में बंगदर्शन पत्रिका में प्रकाशित किया और बाद में नॉवेल आनंदमठ में शामिल किया। यह गीत मातृभूमि के लिए सम्मान और प्रेम की अभिव्यक्ति है, जो स्वतंत्रता संग्राम के समय छात्रों और सैनिकों में विशेष रूप से गाया जाता था।

### राष्ट्रीय गीत के लिए नया सरकारी नियम लागू

## बारात में डांस कर रहीं महिलाओं सहित कांग्रेस जिला अध्यक्ष को कैप्सूल वाहन ने मारी ठोकर, 4 की हालत गंभीर



**जांजगीर-चांपा,** 11 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से सड़क हादसे का लाइव वीडियो सामने आया है. इस घटना में बारात में डांस कर रहे सारंगढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष तारा देवांगन सहित महिलाओं को कैप्सूल वाहन ने ठोकर मार दी. दुर्घटना में 4 महिलाओं को चोट आई है, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है. हालांकि राहत की बात रही कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष को चोट नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष के चाचा के बेटे की शादी का कार्यक्रम था, जिसमें सारंगढ़ से बारात जांजगीर जिले के बिर्रा से घिवरा रोड के भाटापारा में पहुंची थी. देर रात करीब 12 बजे बारात निकली. इसी दौरान बारात में डांस कर रहे लोगों को कैप्सूल वाहन ने ठोकर मार दी. हालांकि तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर चालक को थाने लाया गया है. मेडिकल जांच में ड्राइवर का मेडिकल कराया गया पर शराब पीना नहीं पाया गया है।

## स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, 9 मार्च को होगी चर्चा



**नई दिल्ली**, 11 फरवरी (न्यूज चैनल)। भारतीय संसदीय इतिहास में एक दुर्लभ घटनाक्रम के तहत, लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर 9 मार्च को चर्चा होने की संभावना है। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, बजट सत्र के दूसरे हिस्से के पहले दिन इस संवेदनशील मुद्दे पर बहस हो सकती है। वहीं, ओम बिरला ने विपक्ष के गलत बर्ताव और निचले सदन में रुकावट के आरोपों के बाद नैतिक आधार पर संसद की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सामान्य प्रशासन विभाग में उप सचिव बनाए गए पुलक भट्टाचार्य



**रायपुर,** 11 फरवरी (हाईवे चैनल)। राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर पुलक भट्टाचार्य, अपर संचालक, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करते हुए, उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय में तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है। पुलक भट्टाचार्य (राप्रसे, पी-2015), को आईजीओटी मिशन कर्मयोगी प्लेटफार्म का राज्य स्तर पर कियान्वयन हेतु समन्वयक नियुक्त किया गया है।

### भाजपा पार्षद रितु तावड़े मुंबई नगर निगम की निर्विरोध महापौर चुनी गई

**नई दिल्ली**, 11 फरवरी (न्यूज चैनल)। भाजपा पार्षद रितु तावड़े बृहन्मुंबई नगर निगम की निर्विरोध महापौर चुनी गई हैं। पिछले चार दशकों में यह पहली बार है जब भाजपा इस पद पर पहुंची है। शिवसेना की नगर निगम परिषद द्वारा उम्मीदवार न उतारने के फैसले के बाद चुनाव निर्विरोध हो गया, जिससे मुंबई के सबसे धनी नगर निकाय पर ठाकरे परिवार का 25 साल का वर्चस्व समाप्त हो गया। शिवसेना नेता संजय घड़ी उप महापौर चुने गए हैं। घाटकोपर पश्चिम से तीन बार की पार्षद, 53 वर्षीय तावड़े को जमीनी राजनीति, नगर प्रशासन और जन कल्याण में एक दशक से अधिक का अनुभव है। भाजपा के वरिष्ठ नेता उन्हें सक्रिय नेता और समुदाय से मजबूत जुड़ाव रखने वाली नेता बताते हैं,




चूहा- सुनती हो, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा ने कांग्रेस नेता भूपेश बघेल, जितेन्द्र सिंह और गौरव गोगई पर 5 सौ करोड़ के मानहानि का दावा ठोंका है।

चुहिया- हां जी, ये मजाक कर रहे हैं 500 करोड़ लेने के लिएपहले अदालत में 60 करोड़ जमा करना पड़ेगा।



## मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक शुरू, अहम फैसलों पर लगेगी मुहर


रायपुर, 11 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार यानी 11 फरवरी को मंत्रिपरिषद की बैठक शुरू हो गई है. बजट सत्र से पूर्व हो रही बैठक काफी अहम मानी जा रही है, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की संभावना है. कैबिनेट सदस्यों में चर्चा के बाद महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगेगी. बैठक के बाद मंत्री अरुण साव कैबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी साझा करेंगे.

## डीईओ ऑफिस में आग लगने की जांच पूरी 2025 तक की फाइलें जलकर खाक



**रायपुर,** 11 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 17 जनवरी को लगी आग ने न सिर्फ लाखों महत्वपूर्ण दस्तावेजों को राख में बदल दिया, बल्कि शिक्षा विभाग की अग्निरोधी क्षमताओं पर भी सवालों की आग भड़का दी है। आग ने छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, अनुकंपा नियुक्ति, स्थापना, मान्यता, इंस्पायर अवार्ड, विधि कक्ष, ऑडिट, वित्त एवं बजट, अनुदान, मदरसा, पेंशन, विधानसभा, पाठ्यपुस्तक, गणवेश, जावक-आवक पंजी, समग्र कक्ष, डीएमएफ और शिक्षा के अधिकार अधिनियम से जुड़ी फाइलों को राख कर दिया है। 2025 तक की लगभग सभी फाइलें जलकर खाक हो गईं, लेकिन वहीं उसी कमरे में रखी अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं बिल्कुल सुरक्षित हैं, जैसे वे किसी सुपरहीरो के कवच में लिपटी हों। जांच समिति की रिपोर्ट तो आ चुकी है, लेकिन वह भी लगभग राख जैसी ही प्रतीत हो रही है। तीन सदस्यीय समिति संभागीय संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव, सहायक संचालक बजरंग प्रजापति और एम. जी. सतीश कुमार ने पूरी जांच की और बताया कि कार्यालय जमीनदोज हो चुका है। न कोई साक्ष्य मिला है और न ही कोई प्रत्यक्षदर्शी है। फिलहाल फोरेंसिक जांच जारी है। जांच में यह भी सामने आया है कि आग को नियंत्रित करने के लिए कोई व्यवस्था तक नहीं थी। ऑनलाइन पोर्टल पर भी ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, इसके बावजूद शिक्षा विभाग का दावा है कि कोई भी काम नहीं रुका है। लाखों फाइलें जलकर खाक हो गईं, फिर भी काम चालू है।

### लेकिन सेवा पुस्तिकाएं सुरक्षित, 'मंत्री जी' ने अब तक नहीं पढ़ी रिपोर्ट, जांच पर उठे सवाल




CMYK